कमलेश बने भामाशाह

बामनवास । ग्रामीण क्षेत्र के प्रतिभाशाली छात्र छात्राओं को स्थानीय बिछोछ गांव के रहने वाले कमलेश मीणा द्वारा खुद की सरकारी सेवा के 25 वर्षों पूर्व पूर्ण होने के चलते सार्वजनिक लाइब्रेरी की निशुल्क स्थापना कर छात्र-छात्राओं को लाभान्वित करने का एक अनोखा कदम उठाया गया है ।

25 वर्ष सरकारी नोकरी होने पर अपने गांव में लाइब्रेरी खोलने की घोषणा। भारतीय रेलवे सेवा में कमलेश मीना बिछौछ के 25 वर्ष होने पर गांव में सवा लाख रूपए लागत लगाकर सार्वजनिक लाइब्रेरी खोलने की शुरुआत की है । यह लाइब्रेरी सभी समाजों के छात्रों के लिए निशुल्क रहेगी। साथ में आपने वेतन का दस प्रतिशत हिस्सा सर्वसमाज के सामाजिक, शिक्षा और गरीब लोगो की सहायता के देने की घोषणा की है।

गौरतलब है कि रेलवे विभाग में सरकारी नौकरी करने वाले कमलेश मीणा लगातार समाज सुधार के लिए प्रयास करते आ रहे हैं । इनके द्वारा छुआछूत एवं अस्पृश्यता सहित विभिन्न सामाजिक बुराइयों को दूर करने के लिए सामाजिक स्तर पर बैठकों का आयोजन कर सकारात्मक प्रयास किए जाते रहे ।

राज्यपाल आगमन की तैयारियों को मंत्री विश्वेन्द्र सिंह ने अंतिम रुप दिया

भरतपुर (निस)। पर्यटन मंत्री विश्वेन्द्र सिंह ने जिला स्तरीय अधिकारियों के साथ महामहिम राज्यपाल कलराज मिश्र की कुम्हेर स्थित महाराजा सूरजमल बृज विश्विद्यालय में 26 नवम्बर को विभिन्न कार्यों के लोकार्पण एवं शिलान्यास कार्यक्रमों के सम्बन्ध में रूपरेखा तैयारी को अंतिम रूप देने हेतु निरीक्षण किया।

पर्यटन मंत्री विश्वेन्द्र सिंह ने महाराजा सूरजमल बृज विश्विद्यालय परिसर पहुँचकर अधिकारियों से तैयारियों का जायजा लेकर आवश्यक दिषा-निर्देश दिये। उन्होंने सार्वजनिक निर्माण विभाग के अधिकारियों को कुम्हेर-हेलक सड़क को आयोजन स्थल तक मरम्मत कर ठीक करने के निर्देश दिये। उन्होंने संविधान पार्क, हेलीपेड स्थल, सभा स्थल का निरीक्षण कर सम्पूर्ण व्यवस्थाऐं समय पर पूर्ण करने के निर्देश दिये। निरीक्षण के दौरान संभागीय आयुक्त सांवरमल वर्मा, पुलिस महानिरीक्षक गौरव श्रीवास्तव, जिला कलक्टर आलोक रंजन, जिला पुलिस अधीक्षक श्याम सिंह ने की जा रही तैयारियों एवं सुरक्षा व्यवस्था की बारीकियों का जायजा लिया तथा विश्वविद्यालय के अधिकारियों को तैयारियों संबंधी दिशा-निर्देश दिये। पुलिस महानिरीक्षक गौरव श्रीवास्तव एवं जिला पुलिस अधीक्षक श्याम सिंह ने हेलीपैड, संविधान पार्क, सभा स्थल की सुरक्षा की विशेष व्यवस्था एवं मीडियाकर्मियों के सुरक्षा पास जारी करने हेतु सूचना जनसम्पर्क अधिकारी को सूची उपलब्ध कराने के निर्देश दिये।

संभागीय आयुक्त एवं जिला कलक्टर ने चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग को आयोजन स्थल पर एम्बूलेंस मय चिकित्सक दल एवं जीवनरक्षक दवाओं सहित, नगर निगम आयुक्त को दो अग्निश्मन वाहन एवं सचल टायलेट, जिला रसद अधिकारी को खाद्य सामग्री जॉच हेतु खाद्य सुरक्षा अधिकारी नियुक्त करने एवं आरएसआरडीसी को आयोजन संबंधी दिये गये निर्देशों की पालना सुनिष्चित करने के निर्देश दिये।

निरीक्षण के दौरान अतिरिक्त जिला कलक्टर प्रषासन एवं नगर विकास न्यास के सचिव कमलराम मीना, अतिरिक्त जिला कलक्टर षहर सुभाश गोयल, उपखण्ड अधिकारी कुम्हेर वर्शा मीना, डीग हेमन्त कुमार, नगर निगम आयुक्त अखिलेश पिप्पल, महाराजा ब्रज विश्वविद्यालय के कुलसचिव आरके सिंह धाकरे, रजिस्ट्रार सुभाश वर्मा, उप कुलपति अरूण कुमार पाण्डेय सहित आरएसआरडीसी के अधिषाशी अभियंता नरेन्द्र सहित अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

मंत्री विवेन्द्र सिंह (बाएं से पहले) ने भतरपुर में राज्यपाल के आगमन की तैयारियों को देखा।

सार-समाचार

मन्दिर परिसर में पौधारोपण किया

करौली (नि.स.) सोमवार को प्रदोश तिथि के पावन अवसर पर भगवान भोलेनाथ के रूप मे भैरों बाबा मंदिर नहारगढ में मंदिर के पुजारी विश्राम भगत के सानिध्य में आयुर्वेद चिकित्सक डॉ. रमण स्वरूप लवानिया ने औषधि उपयोगी मीठा नीम और कटहल के पौधे लगाए गए जिसमें बुजुर्ग समाज सेवी भंगा पटेल,समाज सेवी बल्लू सिंह राजपूत ने पौधों की खरपतवार की साफ सफाई की । भैरों जी मंदिर के महंत विश्राम भगत पर्यावरण प्रेमी हैं और सभी को पर्यावरण संरक्षण के लिए प्रेरित करते हैं इस अवसर पर आयुर्वेद चिकित्सक ने कहा कि बहु उपयोगी पौधे लगाने चाहिए जो औषधि उपयोगी हो पशु पक्षियों के लिए भोजन के साथ छायादार पेड़ हो।

जर्सीयां प्रदान की

भरतपुर (निस)। स्वास्थ्य मंदिर के खिलता बचपन सवरता जीवन प्रकल्प के 53 बच्चों को भामाशाह निशा जांगिड़ और जयपुर की करिश्मा कुमारी के सहयोग से रणजीत नगर पार्षद ओमवीर सिंह एवं यू गेम प्राकृतिक चिकित्सा विशेषज्ञ डॉ. दिगंबर सिंह ने जर्सीया प्रदान की। इस अवसर पर प्रकल्प संयोजिका आंचल शर्मा ने कहा कि सर्दी का मौसम शुरू हो गया है। इन बच्चों को जर्सी, कंबल, टोपी और ईनर की जरूरत है जो कि भामाशाह के सहयोग से पूर्ति की जा रही है अभी 70 परिवारों को सर्दी से बचने के लिए रजाईयों की जरूरत है। कार्यक्रम में गिरीश शर्मा, पुष्पा सिंह आदि ने सहयोग प्रदान किया।

नर्सिंग कॉलेज का शिलान्यास आज

करौली (नि.स.)। करौली मे राजकीय नर्सिंग महाविद्यालय का शिलान्यास मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के द्वारा वीडियो कान्फ्रेन्सिंग के माध्यम से आज मंगलवार को किया जायेगा। इस संबंध मे जिला स्तर पर वर्चुअल शिलान्यास कार्यक्रम सूचना केन्द्र के टाउन हॉल मे दोपहर 1 बजे आयोजित किया जायेगा। इस अवसर पर जनप्रतिनिधी एवं अधिकारी उपस्थित रहेंगे।

विधायक ने की जनसुनवाई

रूपवास । कस्बे की पंचायत समिति सभागार में विधायक अमरसिंह जाटव ने जनसुनवाई कर आमजन की समस्याओं को सुना।

मौके पर मौजूद अधिकारियों से तुरंत ही समस्याओं का निराकरण कर सरकार की योजनाओं से लोगों को अवगत कराने की बात कही। विधायक अमरसिंह जाटव को सलीम नामक युवक ने लिखित में सरकारी अस्पताल के प्रभारी डॉ विक्रम आंनद के खिलाफ एक पत्र सौपा। जिसमे आरोप लगाया है कि मेरी पत्नी साहिरा की 19 नवम्बर को डिलेवरी हुई थी। तो जच्चा बच्चा वार्ड में बेड पर लेटी हुई थी।

इसी दौरान डॉ विक्रम आनंद शराब के नशे में बोतल को लेकर वार्ड में आया तथा आते ही गाली गलौज कर प्रसूता को धक्का देकर बाहर निकाल दिया। चिकित्सक ने कहा कि जब पैसे नही होते हैं। तो बच्चे क्यो पैदा करते हो। इस पर प्रसूता ने कहा कि हम तो गरीब आदमी है। लेकिन चिकित्सक ने गाली गलौज जारी रखते हुए वार्ड से बाहर निकाल दिया। इस पर विधायक ने बीसीएमओ को मामले की जांच करने व दोषियों के खिलाफ कार्यवाही के निर्देश दिये।

पीड़ित की सहायता के लिए आगे आया विभाग

वैर । गत दिवस नगरपालिका वैर के चेयरमैन विष्णु महावर व न्याय एवं अधिकारिता विभाग वैर के छात्रावास अधीक्षक राजवीर सिंह, पार्षद प्रतिनिधि मोहर सिंह जेईन मृतक बच्चू सिंह सैनी के घर पहुंचे तथा मृतक की पत्नी पीड़िता संगीता सैनी वार्ड नं 15 निवासी बयाना गेट वैर व उसके परिवार का हाल जाना ।

राजवीर सिंह अधीक्षक छात्रावास सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग ने बताया कि अब विधवा को विभाग से 500 रुपए विधवा पेंशन और उसकी तीन वालिकाओ को 3000 रुपए प्रतिमाह पालनहार योजना में आर्थिक लाभ दे दिया जायेगा जिससे विधवा की आर्थिक तंगी दूर हो जाएगी और पालनहार योजना में 3000 रुपए मिलने से बालिका आसानी से अपनी शिक्षा जारी रख सकेगी जिसके लिए पीड़िता संगीता सैनी ने विभाग का आभार जताया है ।

उल्लेखनीय है कि 26 अक्टूबर 2022 को बच्चू सिंह सैनी की फिरोजावाद में एक्सीडेंट से मृत्यु हो गई थी । मृतक के परिवार में पत्नी संगीता सैनी, कक्षा 8 में अध्ययनरत पुत्री ज्योति , कक्षा 6 में अध्ययनरत पुत्री आरती, कक्षा चार में अध्ययनरत पुत्री पायल हैं । इस घटना से पूरा परिवार बेसहारा हो गया ।

मृतक की पत्नी संगीता गर्भवती है और परिवार के कमाने वाले की मृत्यु हो जाने से परिवार आर्थिक संकट में आ गया जिस पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने तात्कालिक रूप से 5100 रुपए की मदद भी की थी, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के अधीक्षक राजवीर सिंह के मामला संज्ञान में आते ही तुरंत पीड़िता के घर पहुंचे और मामले की जांच की, जांच में पाया की विधवा के तीन छोटे छोटे बच्चे है और स्कूल में पढ रहे है उम्र 18 साल से कम है इसलिए तीनों बालिकाओं को 1000 रुपए प्रति माह पालनहार योजना का लाभ दिया जा सकेगा और संगीता सैनी को 500 रुपए प्रतिमाह पेंशन भी दी जा सकेगी मौके पर नगरपालिका चेयरमैन विष्णु महावार पीड़िता के घर पहुंचे जिन्होंने बताया की बेवा को सरकार की अन्य योजनाओं से लाभ दिलवाने का भी प्रयास किया जाएगा ।

भाजपा कार्यसमिति की बैठक हुई

भरतपुर (निस)। भाजपा जिला कार्यसमिति की बैठक का आयोजन भाजपा के प्रदेश महामंत्री भजनलाल शर्मा के मुख्य आतिथ्य में किया गया। बैठक की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष डॉ. शैलेश सिंह ने की।

भाजपा जिला कार्यसमिति का शुभारंभ सुबह 11:15 बजे किया गया, जिसमें उदघाटन सत्र से लेकर समापन सत्र तक विभिन्न संगठनात्मक व राज्य तथा जिले के विषयों पर उदबोधन हुए। कार्यसमिति का शुभारंभ भारत माता, श्यामा प्रसाद मुखर्जी एवं पंडित दीनदयाल उपाध्याय के चित्रों पर पुष्पांजलि और दीप प्रज्वलन कर किया। कार्यसमिति में राज्य सरकार की विफलता एवम जन आक्रोश यात्रा पीपीटी विषय पर प्रदेश महामंत्री भजनलाल शर्मा तथा अध्यक्षीय उदबोधन एवम राजनीतिक प्रस्ताव जिला अध्यक्ष डॉ शैलेश सिंह ने रखा जिसका अनुमोदन प्रदेशमंत्री महेंद्र सिंह जाटव एवं प्रदेश कार्यसमिति सदस्य शिवानी दायमा ने किया और सभी कार्यसमिति सदस्यों ने हाथ उठाकर सर्वसम्मति से राजनीतिक प्रस्ताव का समर्थन किया।

ज्योतिष रत्न महोत्सव में पं. ताराचंद शास्त्री सम्मानित

सवाई माधोपुर पंण्डित ताराचंद शास्त्री (बाएं से तीसरे) को समारोह में सम्मानित किया गया।

सवाई माधोपुर। जयपुर के बिरला सभागार में रविवार को ज्योतिष रत्न महोत्सव का आयोजन हुआ।

इस कार्यक्रम का आयोजन राष्ट्रीय स्तर पर किया गया। इस आयोजन में ज्योतिष कर्मकांड क्षेत्र में विशेष पहचान रखने वाले सवाई माधोपुर निवासी आचार्य पंडित ताराचंद शास्त्री को सम्मानित किया गया। ज्योतिष रतन सम्मेलन में देश विदेश के पधारे 1500 विद्वानों ने भाग लिया। अखिल भारतीय ज्योतिष संस्था संघ फ्यूचर पॉइंट के संयोजक डॉक्टर अरुण बंसल, पंडित जयंत पांडे आशीष लोहिया के द्वारा ज्योतिष क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले ज्योतिष के विद्वानों को सम्मानित किया गया।

■ ज्योतिष कर्मकांड क्षेत्र में विशेष पहचान रखते है पं. ताराचंद शास्त्री

सड़क दुर्घटना में 2 जने घायल

हिण्डौन सिटी । फुलवाड़ा के पास एक मारुति वैन ने मोटरसाइकिल में टक्कर मार दी । जिससे मोटरसाइकिल सवार 4 जनों सहित कुल 8 जने घायल हो गए। इनमें से मोटरसाइकिल चालक की मौत हो गई । वही एक युवती को गंभीर हालत में जयपुर रैफर कर दिया गया। इधर दुर्घटना में घायल 6 जनों का शहर के जिला अस्पताल में इलाज चल रहा है। शहर के जिला अस्पताल से प्राप्त जानकारी भरतपुर जिले के रूपबास कस्बा निवासी एक ही परिवार के कुछ लोग गंगापुर अपनी रिस्तेदारी में हुई एक मौत पर मौताने में से शामिल होकर रिश्तेदारी से लौट रहे थे । इसी दौरान रास्ते में समीप गांव फुलवाढ़ा के पास मारुति वैन के चालक ने सामने से आ रही एक मोटरसाइकिल में टक्कर मार दी । जानकारी के अनुसार समीप गांव खेड़ा जमालपुर निवासी राजकुमार पुत्र भंवर सिंह जाति माली की पत्नी को जिला अस्पताल में प्रसव हुआ था। जिसके बाद वह अपनी चाची मोहरबाई, चचेरी बहन अनीता व 6 वर्षीय एक बालक को मोटरसाइकिल पर बैठा कर हिंडौन से गांव लौट रहा था। मारुति वैन की टक्कर से मोटरसाइकिल पर सवार चारों जने गंभीर रूप से घायल हो गए ।

शिव महापुराण कथा का वाचन

भरतपुर (निस)। न्यू आदर्श कॉलोनी चांदपोल गेट भरतपुर में हनुमान मंदिर पर आयोजित शिव महापुराण कथा के 11वीं दिवस पर व्यास गद्दी से भागवत आचार्य विष्णु दत्त गौड़ वृंदावन धाम ने शिवपुराण के अनेक अछूते प्रसंगों का वर्णन किया। इस संबंध में कार्यक्रम संयोजक लोकेश पार्षद द्वारा बताया गया कि मनुष्य दुख और सुख कैसे प्राप्त करता है इसके बारे में बताया कि मनुष्य के कर्म के आधार पर ही दुख एवं सुख मिलता है।

बच्चों को माता-पिता ही संस्कार देते हैं। दोयस राक्षस के बारे में विस्तृत जानकारी देते हुए आचार्य द्वारा इंद्र भगवान से उनके युद्ध का वर्णन किया। आचार्य द्वारा सिद्ध साधक यानि गुरु और शिष्य के बारे में विस्तार से श्रद्धालुओं को जानकारी दी। परीक्षित और पांडवों के रिश्ते के बारे में तथा नारद जी एवं लक्ष्मी जी की वार्तालाप से कोपभवन में जाने की जानकारी दी गई। दुर्योधन और अश्वत्थामा के बीच में हुए वृतांत को बताया।

जल जीवन मिशन की बैठक सम्पन्न

करौली (नि.स.) जिला कलेक्टर अंकित कुमार सिंह ने सोमवार को जल जीवन मिशन के तहत हर घर नल से जल पहुंचाने के संबंध मे बैठक की अध्यक्षता करते हुए नाराजगी व्यक्त की कि जिले मे जल जीवन मिशन की प्रगति बहुत कम है और अधिकारियो द्वारा मॉनिटरिंग नही करना भी इसका एक कारण है।

उन्होंने कहा कि सभी अधिकारी योजना की प्रगति के लिये नियमित मॉनिटरिंग करें उन्होने यह भी निर्देश दिये कि पानी के स्त्रोत जिनका कार्य पूरा हो गया है फिजिकल वेरिफिकेशन जहां जहा टंकी बनकर पूर्ण हो गई है और जहां हर घर मे नल के माध्यम से पानी पहुंचने लगा है उनकी जियोटेगिंग कर एक सप्ताह मे अपलोड करने एवं स्वीकृत कार्यो के एग्रीमेन्ट साईन सहित अपलोड करने के निर्देश भी दिये।

जिला कलेक्टर ने इंम्लीमेट सपोर्टिंग ऐजेन्सी द्वारा कार्य मे ढिलाई पर नाराजगी व्यक्त करते हुए निर्देश दिये कि लोगो से संपर्क करें और निर्धारित राशि जमा कराकर लोगो को जल उपलब्ध करायें।

उन्होंने कहा कि लोगों को जागरूक करने के साथ ही उन्हे प्रशिक्षित करना भी अतिआवश्यक है तभी उपलब्धि होगी लेकिन इंम्लीमेन्ट सपोर्टिंग ऐजेन्सी द्वारा कार्य नही किया जा रहा है यह गंभीर बात है अगली बैठक मे प्रगति के साथ उपस्थित होने के निर्देश दिये अन्यथा ऐजेन्सी के अधिकारियों के विरूद्ध उच्च अधिकारियों को लिखा जायेगा।

■ 'सभी अधिकारी योजना की प्रगति के लिये नियमित मॉनिटरिंग करें'

जिला कलेक्टर ने जल जीवन मिशन के तहत पानी की शुद्धता की जांच एवं शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने के संबंध मे ब्लॉक स्तर पर प्रशिक्षण कार्यक्रम नवम्बर तक तय एवं सूचीबद्ध कर 1 दिसम्बर से प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित करें साथ ही विद्यालयों मे बच्चों की प्रतियोगिताऐं,गांवों मे रैली एवं नुक्कड नाटक आदि के माध्यम से लोगो को जलजीवन मिशन की योजना के बारे मे जागरूक करें।बैठक मे अति. मुख्य कार्यकारी अधिकारी राजेश कुंमार मीना,जलदाय विभाग के अधीक्षण अभियंत परशराम वर्मा,अधिशाषी अभियंता अरूण कुमार एवं सहायक अभियंता,कनिष्ठ अभियंता सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे। जलजीवन मिशन की प्रगति के बारे मे प्रोजेक्टर के माध्यम से डीपीएमयू अंकित कास्था ने विस्तार से जानकारी दी।

चित्रकला प्रतियोगिता आयोजित

भरतपुर (निस)। सोमवार को महिला अधिकारिता विभाग द्वारा आयोजित सात दिवसीय संभागस्तरीय अमृता हाट में 13 से 18 आयुवर्ग की बालिकाओं की रंगोली, मेहदी एवं चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें बालिकाओं ने बढचढ कर भाग लिया।

प्रतियोगिता का विशय बेटी बचाओ बेटी पढाओ रखा गया। जिसके अंतर्गत बालिकाओं ने चित्र, रंगोली बनाकर एवं मेहन्दी लगा कर बेटी बचाओ बेटी पढाओ का संदेष दिया। प्रतियोगिता में शहर के विभिन्न स्कूलों के साथ साथ व्यक्तिगत प्रतिभागियों ने भी भाग लिया।

महिला अधिकारिता विभाग के उपनिदेषक राजेष कुमार ने बताया कि रंगोली प्रतियोगिता में 22 प्रतिभागियों, मेहन्दी में 13 प्रतिभागियों ने एवं चित्रकला में 10 प्रतिभागियों ने भाग लिया। जिसमें चित्रकला, रंगोली एवं मेहन्दी का सामान विभाग की ओर से दिया गया।

बुजुर्ग पर हमला किया

हिंडौन सिटी । समीप के गांव कुतकपुर में सोमवार को एक खेत पर फसल तहस-नहस करने की जानकारी मिलने के बाद घटनास्थल को देखकर घर लौट रहे बुजुर्ग पर अज्ञात लोगों ने धारदार हथियारों से हमला कर दिया। जिसमें वह गंभीर रूप से घायल हो गया। इधर, बदमाश मौके से फरार हो गए। वारदात के बाद परिजन घायल को उपचार के लिए जिला अस्पताल लेकर पहुंचे। प्राथमिक उपचार के बाद घायल को भर्ती कर लिया गया। वार्ड में भर्ती घायल कुतकपुर निवासी कमरुद्दीन खान (60) पुत्र गफूर ने बताया कि बीती रात अज्ञात लोगों ने उसके खेत में फसल को तहस-नहस कर दिया व मेडबंदी भी तोड़ दी। जिसकी जानकारी मिलने के बाद वह सोमवार को सुबह खेत पर पहुंचे। खेत में फसल का नुकसान होने पर उन्होंने आसपास के लोगों से पूछताछ की। उक्त घटना में लिप्त बदमाशों के नाम मालूम होने के बाद वह उनसे शिकायत करने जा रहे थे। तभी रास्ते में मौजूद दूसरे पक्ष के लोगों ने एकराय होकर बुजुर्ग पर लाठी, डंडा व धारदार हथियारों से हमला कर घायल कर दिया। जिसके बाद मौके से बदमाश फरार हो गए। घटना की सूचना पर परिजन भी मौके पर पहुंचे और घायल को निजी साधन से जिला अस्पताल लेकर पहुंचे।

चोरी के सामान को बरामद करने की मांग

करौली (नि.स.)। तुलसीपुरा ग्राम पंचायत के ग्रामीणों ने जिला कलेक्टर को ज्ञापन पेशकर गत दिनों विद्यालय परिसर में हुई चोरी के माल की बरामदगी को लेकर ज्ञापन सौंपा।

ग्रामीण दया राम, जगरूप सिंह, दारा सिंह, राम निवास, भीम सिंह, प्रताप, धर्म सिंह, समय सिंह सहित कई ग्रामीणों ने जिला कलेक्टर को ज्ञापन पेश कर बताया कि गत 31 अक्टूबर की रात्रि को राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय तुलसीपुरा में चोरी हो गई जिसकी प्राथमिकी करौली सदर थाने में संस्था प्रधान द्वारा 1 नवंबर को दर्ज करा दी गई। उन्होंने बताया कि इसके बाद ग्रामीण जिला पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन देकर चोरी हुए सामान की बरामदगी की मांग कर चुके हैं परंतु चोरी हुए 20 दिन निकल गए पुलिस द्वारा आज तक कोई कार्यवाही नहीं की गई जिससे ग्रामीणों में जबरदस्त रोष व्याप्त है इसी संबंध में गत 19 नवंबर को पुनः ग्रामीण एकत्रित हुए जिसमें सभी ने जिला कलेक्टर से चोरी हुए सामान की बरामदगी के लिए पुनः ज्ञापन देने का निर्णय लिया ।

प्रतिभा सम्मान समारोह आयोजित

भरतपुर (निस)। राष्ट्रीय जाट महासभा का स्थापना दिवस उत्तरप्रदेश के मेरठ मे आयोजित हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता राष्ट्रीय जाट महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष डा लोकपाल सिंह ने की। कार्यक्रम मे मुख्य अथिति मोदीनगर विधायक मंजू सिंह और अंतर्राष्ट्रीय किर्केट प्रवीण कुमार और उत्तरप्रदेश के पूर्व कमिश्नर एससी वर्मा रहे। सर्वप्रथम कार्यक्रम मे महाराजा सूरजमल, महाराजा खेमकरण सोगरिया और वीर तेजाजी के चित्र पर दीपक जलाकर कर कार्यक्रम की विधिवत शुरुआत की गई। कार्यक्रम मे राष्ट्रीय जाट महासभा की उत्तरप्रदेश इकाई ने राष्ट्रीय जाट महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ लोकपाल सिंह और मुख्यअथितियों को 51 किलो फूलो की माला पहनाकर स्वागत किया। कार्यक्रम मे उत्तरप्रदेश राष्ट्रीय जाट महासभा के प्रदेश अध्यक्ष समरपाल सिंह ने कार्यक्रम की प्रस्तावना रखी। कार्यक्रम मे लगभग 30 राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय खिलाड़ियों को सम्मानित किया गया। राष्ट्रीय जाट महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष डा लोकपाल सिंह ने मंच के माध्यम से उत्तरप्रदेश सरकार से महाराजा सूरजमल कल्याण विकास बोर्ड के गठन की मांग की ।

3 राज्यों का कुख्यात इनामी बदमाश गिरफ्तार

धौलपुर (निस)। धौलपुर जिले की सदर थाना बाड़ी एवं बसईडांग थाना थाना पुलिस और डीएसटी टीम की रविवार रात्रि को डांग क्षेत्र में डकैतों से मुठभेड़ हो गई। जिसमें पुलिस ने ईनामी बदमाश रामगोपाल उर्फ भोटा गुर्जर को गिरफ्तार कर लिया।

गिरफ्तार बदमाश रामगोपाल 3 राज्यों से वांछित अपराधी है। जिस पर 14 हजार रुपये का इनाम घोषित था। मुठभेड़ के दौरान बदमाश के अन्य साथी मौके से भाग निकले, जिनकी पुलिस तलाश कर रही है। पुलिस ने इनामी बदमाश की सूचना अन्य राज्यों की पुलिस को भी दे दी है। धौलपुर एसपी धर्मेंद्र सिंह ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर देर रात्रि को बसई डांग थाना क्षेत्र के चिलीपुरा गांव के पास से आरोपी रामगोपाल उर्फ भोटा गुर्जर पुत्र सुन्दर सिंह उम्र 25 साल निवासी चिलीपुरा कस्बा नगर थाना बसईडांग जिला धौलपुर को मुठभेड़ के दौरान गिरफ्तार किया गया है। जिस पर कुल 14 हजार रुपये का ईनाम घोषित है। जिसमें धौलपुर एसपी की ओर से 5 हजार, करौली एसपी की तरफ से 2 हजार, यूपी के आगरा एसपी की तरफ से 5000 और एमपी के मुरैना एसपी की तरफ से 2 हजार रुपए का ईनाम घोषित है। आरोपी भोटा लूट, डकैती, नकबजनी, चोरी, हत्या जैसे संगीन मामलों में वांछित था। जिसकी तीन राज्यों की पुलिस को तलाश थी। भोलापुरा से किया पुलिस ने पीछा, चिलीपुरा में जाकर दबोचा। बाड़ी सीओ मनीष कुमार शर्मा ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर सदर थाना प्रभारी हीरालाल, बसई डांग थाना प्रभारी मोहन सिंह के साथ डीएसटी टीम लगातार आरोपी का पीछा करते हुए रविवार की रात्रि को डांग के भोलापुरा पहुची।

■ धौलपुर एसपी की ओर से 5 हजार, करौली एसपी की तरफ से 2 हजार, आगरा एसपी की तरफ से 5000 और मुरैना एसपी की तरफ से 2 हजार रुपए का ईनाम घोषित है

हत्या के आरोप में पत्नी व प्रेमी गिरफ्तार

भरतपुर (निस) चिकसाना थाना पुलिस ने 6 महीने से लापता युवक के मामले का खुलासा करते हुए लापता व्यक्ति की हत्या के मामले में उसकी पत्नी व पत्नी के प्रेमी को गिरफ्तार किया है। जिला पुलिस अधीक्षक ष्याम सिंह ने सोमवार को बताया कि 4 जून को थाना चिकसाना पर हरप्रसाद द्वारा अपने पुत्र पवन उम्र 37 साल निवासी नौंह को 29 मई 2022 की रात्रि को रहस्यमयी तरीके से गायब होने पर पर पुत्र की तलाश वाबत गुमषूदगी दर्ज कराई थी। जिसके बाद आज से करीब 1 माह पूर्व अपनी पुत्रवधू रीमा व पडौस के एक युवक भागेन्द्र उर्फ भोला को आपतिजनक स्थिति में रात्रि के समय घर पर रंगे हाथों पकडे जाने पर तथा अन्य परिस्थितिजन्य कारणों से परिवादी हरप्रसाद का अपने पुत्र पवन की हत्या होने का सन्देह गहरा गया। जिस वाबत 20 नवम्बर को हरप्रसाद ने पुत्रवधू रीमा व प्रेमी भागेन्द्र उर्फ भोला के विरूद्ध अपने पुत्र की हत्या वाबत् थाना चिकसाना पर प्रकरण दर्ज कराया था। जिस पर जिला पुलिस अधीक्षक भरतपुर व सहायक पुलिस अधीक्षक बृजेष ज्योति उपाध्याय आईपीएस के निर्देषन में कार्यवाही करते हुये आरोपित पुत्रवधू रिमा व उसके प्रेमी भागेन्द्र को पकड़ा।

नेत्र चिकित्सा शिविर में 104 जनो के हुए ऑपरेशन

शिविर में नेत्र जांच कराने के आए मरीजों को फल वितरण किए।

गंगापुर सिटी 21 नवम्बर। लायंस क्लब गंगापुर सिटी गरिमा द्वारा जयपुर रोड स्थित सीपी हॉस्पिटल में 73वां निशुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर आयोजित किया गया। क्लब अध्यक्ष लायन मनीष सागवान ने बताया कि श्री श्याम पैरामेडिकल संस्थान दौसा की टीम द्वारा 145 नेत्ररोगियों की आँखों की जांच की गई जिनमें से 104 नेत्ररोगियों को मोतियाबिंद रोग से ग्रसित होने पर निशुल्क लैंस प्रत्यारोपण हेतु चयनित किया गया। चयनित सभी 104 नेत्र रोगियों की आवश्यक जाँच की जाकर विशेषज्ञ नेत्र चिकित्सक द्वारा सीपी हॉस्पिटल के नेत्र रोग विभाग स्थित ऑपरेशन थियेटर में सफल आईओएल ऑपरेशन किया गया। नेत्र चिकित्सा शिविर के समन्वयक लायन मुकेश राजाराम मीना ने बताया कि ऑपरेशन के उपरान्त सभी 104 लाभार्थियों को अगले दिन आँखों की पट्टी हटाकर निशुल्क चश्मा एवं दवाइयां वितरित की गई तथा ऑपरेशन के उपरान्त रखी जाने वाली विशेष सावधानियों से भी अवगत करवाया गया। क्लब सचिव लायन सचिन बंसल ने बताया कि लायंस क्लब गरिमा द्वारा विगत चार वर्षों से मोतियाबिंद मुक्त गंगापुर का संकल्प लेकर साप्ताहिक तौर पर प्रत्येक शनिवार निशुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर का आयोजन करवाया जा रहा है। गत शनिवार तक क्लब द्वारा 73 निशुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर आयोजित किये जा चुके हैं जिनमे अब तक 8235 नेत्ररोगियों की आँखों का परिक्षण किया ।

फर्जी पट्टा मामले में व्यापारी लामबंद

गंगापुर सिटी । नगर परिषद के द्वारा जारी किए गए फर्जी पट्टा प्रकरण का मामला तूल पकडता जा रहा है। सोमवार को व्यापार मण्डल के व्यापारी अध्यक्ष गिरधारी धौलेटा व प्रहलाद मेठी के नेतृत्व में ज्ञापन सौप कर कडी कार्रवाही की मांग की। नगर परिषद की ओर से पुरानी अनाज मंडी में जारी किए गए फर्जी पट्टे के मामले में कार्रवाई की मांग को लेकर व्यापारी लामबंद हो गए। व्यापारियों ने इस बारे में सोमवार को एडीएम और एसडीएम को ज्ञापन देकर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की। दोपहर में बडी संख्या में व्यापारी मिनी सचिवालय पहुंचे और एडीएम नवरत्न कोली और एसडीएम नरेंद्र कुमार मीणा को ज्ञापन देकर फर्जी पट्टा प्रकरण में आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की। व्यापारियों ने बताया कि पुरानी अनाज मंडी में मनोहर लाल अग्रवाल पुत्र श्यामदास की दुकान और मकान है और उसका ही स्वामित्व है। दुकान व मकान को उन्होंने चांदमल जैन को उनकी फर्म जगदीश प्रसाद नेमीचंद जैन ट्रेडिंग कंपनी के नाम से किराए पर दे रखी है, लेकिन चांदमल जैन और मंजू जैन ने कूटरचित दस्तावेजों से खुद के नाम पट्टा बनवा लिया।